एक नजर

रामेश्वरम यात्रा के लिए एक सितंबर तक करें आवेदन

गुना। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनातर्गत जिले से सात से 12 सितंबर तक रामेश्वरम तीर्थ यात्रा प्रस्तावित है। इसमे जिले से 196 यात्री तथा चार अनुरक्षक की भागीदारी निर्धारित है। यात्रा मे सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदक गुरुवार से एक सितंबर तक अनिवार्य रूप से संबंधित नगरपालिका एवं जनपद पंचायत कार्यालय मे जमा करवा सकते है। प्राप्त आवेदनो की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक होने पर चयन कम्प्यूटरीकृत लाटरी के माध्यम से किया जाएगा तथा निर्धारित कोटे के अतिरिक्त 10 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। -नप्र

खाद्यान्न का वितरण 31 अगस्त तक होगा

गुना। जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानो पर अगस्त एवं सितंबर माह का खाद्यान्न एक साथ वितरित किया जा रहा है, जो 31 अगस्त तक जारी रहेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडेय ने बताया कि उपभोक्ताओ की सुविधा के लिए प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकान के बाहर अगस्त एवं सितंबर माह के खाद्यान्न वितरण से संबंधित सूचना का बोर्ड प्रदर्शित किया जा रहा है। खाद्यान्न घर्घो से संबंधित शिकायतो के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियो द्वारा स्थानीय निकायो के स्वय समन्वय कर कार्रवाई की जा रही है। खाद्यान्न ग्राहत करते समय प्रत्येक उपभोक्ता को दो बार बायोमैट्रिक सत्यापन किया जाना अनिवार्य है। -नप्र

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का शिविर आज

गुना। जिले मे मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत तीसरा जिलास्तरीय शिविर शुक्रवार को आरोन विकासखंड के पंचायत भवन झाझौन मे लगाया जाएगा। इसमे विकासखंड की ग्राम पंचायत इमलिया, रिजौवा, कुरुसाद, ककरूआ, सावनभादो, शहवाजपुर, खरोरोक, पिपरौरा मैना, रामगिरकला, पाटन, झाझौन, रसावरखेडा, अमोदा, बारोद, बनवीरखेडी ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन लाभान्वित होंगे। -नप्र

मिठास पर असर, 15 दिनों में 15 रुपये बढ़े शकर के दाम

महंगाई ● आमजन पर रक्षाबंधन त्योहार से ठीक पहले फिर बढ़ा आर्थिक का बोझ, बिगड़ा रसोई का बजट

नवदुनिया प्रतिनिधि, गुना: रक्षाबंधन से ठीक पहले आम जनता पर फिर महंगाई का बोझ बढ़ा है। बीते 15 दिनों के भीतर शकर के भाव में लगभग 15 रुपये प्रति किग्रा का उछाल आया है। इससे न केवल आम परिवारों की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है, बल्कि मिठाइयों, चाय-काफी और शकर से बनने वाले उत्पादों की लागत बढ़ने से त्योहार की मिठास भी फीकी होती नजर आ रही है।

गैस सिलेंडर, दाल-तेल, ड्राय फ्रूट्स, सब्जी के बीच अब एकाएक शकर के भाव बढ़े हैं। 15 दिन के भीतर शकर 64 रुपये किलो बाजार में मिल रही है। थोक के भाव भी इसी दर के आसपास हैं। शकर के भाव में अचानक से आई तेजी ने हर किसी को चौंका दिया है। खासकर त्योहार के समय शकर के भाव बढ़ने से रसोई के बजट की चिंता आमजन को सता रही है। दुकानदारों ने बताया कि ऊपर से ही दाम बढ़कर आ रहे हैं, इसमें हम क्या कर सकते हैं। ऐसे में मजबूरी में आमजन को 64 रुपये किलो के भाव में शकर की खरीदी करना पड़ी। इधर, आमजन ने कहा कि महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पहले ही गैस सिलेंडर महंगा हुआ। पेट्रोल-डीजल के साथ खाद्य पदार्थों के मूल्यों में तेजी आई है। ड्राय फ्रूट हों या सब्जी सभी के भाव में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। दाम कम होने की बजाए बढ़ जाता रहे हैं। ऐसे में आमजन की जेब लगातार ढीली होती जा रही है। बच्चों की पढ़ाई का बोझ हो या गृहस्थी चलाने की बात, आमदनी बढ़ नहीं रही और महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में निचले और मध्यम वर्गीय परिवारों का जीवन-यापन लगातार कठिन होता जा रहा है।

तेलघानी स्थित मिठाई शोरूम पर सजी तरह-तरह की मिठाईयां। ● नवदुनिया

एक्सपर्ट व्यू: देश मे शकर की कीमतो मे हाल ही मे वेहाशा वृद्धि हुई है। आज की ही बात करें, तो एक दिन मे सर्वाधिक तेजी महसूस की गई है। कल जो महाराष्ट्र की मिलो के टेंडर 5500 रुपये प्रति क्विंटल थे, वे आज एक ही दिन मे 700 से 800 रुपये प्रति क्विंटल बढ़कर 6300 से 6500 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुच गए। इसका सीधा कारण एक और गन्ने से इथेनाल का उत्पादन होने से शकर का उत्पादन तेजी से कम हुआ है और लगातार घरेलू कीमतो मे वृद्धि हुई है। वही दूसरी तरफ उपलब्ध स्टाक 30 वर्षों के निम्नतम स्तर पर है। कम बारिश के चलते नई फसल भी प्रभावित होने की आशका है। सरकार को शीघ्र शुल्क मुक्त आयात खोलने की आवश्यकता है।

– राजेश अग्रवाल, प्रदेश सचिव कैट एवं अध्यक्ष व्यापार एवं उद्योग महासंघ जिला गुना।

सौना-चांदी, पेट्रोल-डीजल, दाल, अनाज, सब्जी, फल, दूध किसके भाव नहीं बढ़ रहे। आमजन का तो जीवन यापन ही मुश्किल हो गया है। मैंने शकर ढाई रुपये किलो तक खरीदी, लेकिन इस बार जो दम बढ़ो वाकई अप्रत्याशित है।

– हरिओम श्रीवास्तव, शहरवासी।

महंगाई दिन-ब-दिन आमजन की कमर तोड़ती जा रही है। त्योहार के समय शकर को एकदम से महगा करना, जो भी 15 रुपये किलो तक, समझ से ही परे है। शकर तो ऐसी वस्तु है जिसकी दैनिक जीवन मे सुबह से ही शुरूआत हो जाती है।

– ज्योति रजक, शहरवासी।

रक्षाबंधन जैसा त्योहार महगाई से फीका नहीं होना चाहिए। शकर के दाम सीधे 64-65 रुपये किलो तक पहुचना हैरत मे डालता है। अब जिस आम घर मे एक माह मे 10 किलो शकर की खपत थी, वहा 11 किलो के दाम चुकाने होगे।

– मंजू तोमर, शहरवासी।

शकर के दाम बढ़ने से मजबूरी मे चाय से लेकर मिठाइयो तक के दाम बढ़ाने पड़ेगे। हमे महगे दाम पर सामान मिलेगा, तो उसकी पूर्ति और उत्पाद लागत निकालने अधिक दाम पर बेचना पड़ेगे। त्योहार पर इसका असर स्वभाविक है।

– अनिल वंदेल, होटल व्यवसायी।

- शकर के भाव में अचानक से आई तेजी ने चौंकाया, आमजन को सता रही है रसोई के बजट की चिंता।

शकर हमारे कट्रोल मे नही है। मिलो से ही शकर महगी आ रही है। इथेनाल शकर के वेस्ट और मक्का से बनता है। अपने यहा शकर नही बनती, महाराष्ट्र और कर्नाटक मे बनती है, जो महगी आ रही है। भारत सरकार एक्शन मे है। पहले शकर का वड़ा भडारण करने वालो को रोका जा रहा है। भारत सरकार की अधिसूचना जैसे ही जारी होकर निर्देश मिलेगे, हम भी कार्रवाई करेगे। कलेक्टर ने भी गुरुवार सुबह बैठक लेकर शकर के दाम बढ़ने की जानकारी ली है।

– अवधेश पांडे, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी गुना।

पांच की चाय 10 की हुई

शकर के दाम का सबसे पहला असर चाय पर पड़ा है। बाजार में पांच रुपये कट मिलने वाली चाय के दाम बढ़ गए हैं। अनेक स्थानों पर चाय 10 रुपये कट बिकने लगी है। इसके साथ ही जूस, दूध के ठेलों पर भी दाम बढ़ा दिए गए हैं। मिठाई दुकानदार पशोपेश में हैं, क्योंकि त्योहार का समय है। उनका कहना है पहले ही माचा, घी अधिक दर पर खरीद रहे थे, अब शकर भी महंगी हो गई है।

बर्तमान में गुना में 300 रुपये से लेकर 1500 रुपये किलो तक की मिठाई मिलती है। मिठाई विक्रेताओं ने शकर से हुई महंगाई का गणित समझाते हुए बताया कि जो मिठाई 160 की मिलती देते थे, उसके भाव 175 रुपये कीमत तक करना पड़ेगे, तब लागत, मुनाफा और मजदूरी खर्च निकल पाएगा।

झगड़ा प्रथा के फेर में खेत में खड़ी फसल काटी

गुना: मुगडास थानातर्गत सानई पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम काग्लपुरा में सामाजिक कुरीति झगड़ा प्रथा का मामला सामने आया है। पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी रचाने वाले पति ने जीजा के साथ मिलकर पहिंदत पत्नि परिवार की एक बीघा फसल हंसिया से काटकर नुकसान पहुंचाया। ग्राम कासनखुदी निवासी वीरम भील उम्र 40 साल ने पुलिस को बताया कि काका गोपाल भील की बेटी संगीता की शादी छह साल पहले रघुवीर भील निवासी चारखेड़ा राजस्थान से हुई थी। छह महीने बाद रघुवीर ने दूसरी शादी कर ली और संगीता को भगा दिया। इस पर काका ने संगीता का दूसरा विवाह राजस्थान के तेलनी में करा दिया। इसी बात से रंजिश रखते हुए रात रात रघुवीर अपने जीजा रामस्वरूप भील के साथ खेत पर पहुंचा। दोनों ने हंसिया से एक बीघा खड़ी फसल काट डाली, जिससे फरियादी को करीब 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कब्रिस्तान के पास चढ़े का कटा सिर मिला

नवदुनिया प्रतिनिधि, गुना: शहर के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में उमरिया रोड कब्रिस्तान के पास बीती रात करीब 10 बजे एक बछड़े का कटा सिर मिला। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर गोसेवक पहुंचे। साथ ही पुलिस को सूचना दी। गोसेवक राम सिंह रजक ने बताया कि मामले की तुरंत सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बछड़े के सिर को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही जांच शुरू कर दी है।

बिजली का खंभा लगाने को लेकर दो पक्ष भिड़े

● विवाद में महिला समेत आधा दर्जन से अधिक लोग हुए हैं घायल

नवदुनिया प्रतिनिधि, गुना: आरोन थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम शहबाजपुर में बिजली का खंभा गाड़ने और उसे सीधा कराने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस संघर्ष में महिला समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने क्रास मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रथम पक्ष के बलराम यादव उम्र 50 साल ने शिकायत में कहा कि खेत में खंभा गाड़ने की बात का विरोध करने पर गांव के ही हरिराम यादव, अरविंद और जगमोहन ने गालीगलौज करते हुए उन पर डंडों से हमला कर दिया। बीचबचाव करने आए उनके बेटे राजकुमार, पत्नी कृष्णा बाई, भाभी श्याम बाई और भतीजे राजीव के साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के हरिराम यादव उम्र 57 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे घर के पास देहे ही रहे बिजली के खंभे को सीधा करवा रहे थे। इसी बात को लेकर जगराम, राजकुमार, सरबन और बलराम यादव ने मजदूरों को भगा दिया और विरोध करने पर हमला कर दिया। इस हमले में हरिराम के सिर से खून निकल आया और उनका बेटा अरविंद भी घायल हो गया।

बमोरी के ग्राम बनेह में किशोरी की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर हुआ था विवाद

आपसी सहमति से तार फेंसिंग हटाकर फसल काटकर रात में कराई अंत्येष्टि

नवदुनिया प्रतिनिधि, गुना: बमोरी थानाक्षेत्र के ग्राम बनेह में एक किशोरी के शव की अंत्येष्टि को लेकर विवाद हो गया। हालात ऐसे बने कि ग्रामीण सड़क पर ही अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। मामला प्रशासन और पुलिस के संज्ञान में आया, तो अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी देर तक विवाद चला, जिसके बाद आपसी सहमति से विवाद सुलझा और देर रात अंतिम संस्कार हो सका। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बमोरी जयप्रकाश गौतम ने बताया कि बनेह गांव की एक किशोरी की तबीयत खराब थी, जिसका बीते दिन निधन हो गया। इसके बाद किशोरी का शव अंत्येष्टि के लिए गांव के उस स्थान पर ले जाया गया, जहां पुराने समय से ग्रामीण शवों की अंतिम क्रिया करते रहे हैं। लेकिन उक्त जमीन एक युवक की निजी है, जिसका पट्टा है। कुछ दिन पहले युवक ने अपनी उक्त भूमि पर तार फेंसिंग कर मक्का की फसल बोई है। लेकिन जब ग्रामीण दह संस्कार के लिए पहुंचे, तो इस बार युवक ने अंत्येष्टि से मना कर दिया, जिस पर विवाद शुरू हो गया।

ग्रामीण अपनी पुरानी जगह पर ही अंत्येष्टि के लिए अड़ गए। जबकि युवक ने भी तारफेंसिंग और फसल हटाने से मना किया। इसकी सूचना लगने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाया। ढाह संस्कार करने पहुंचे ग्रामीणों ने उक्त भूमि को सरकारी बताया और कब्जे के आरोप लगाए। जबकि प्रशासनिक अधिकारी उक्त भूमि को युवक की निजी पहले ही बता चुके थे। ग्रामीणों को गांव से करीब एक किमी दूर मुक्तिधाम पर जाने का कहा गया, तो वे दूरी का हवाला देकर नहीं गए। इससे काफी देर तक विवाद चला रहा। किशोरी के शव को सड़क पर ही रख ग्रामीण अंतिम संस्कार की चेतावनी देने लगे। साथ ही तैयारी भी शुरू कर दी। इस पर अधिकारियों के भी हाथ-पांव फूल गए। बाद में किसी तरह युवक को समझाया गया और तारफेंसिंग व कुछ मक्का की बोई फसल हटवाकर उसी स्थान पर किशोरी के शव का अंतिम संस्कार हुआ, जहां ग्रामीण चाहते थे। इस तरह फिलहाल विवाद सुलझाया गया।

स्कूल मर्ज के विरोध में प्रदर्शन कराने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई, चार के विरुद्ध एफआइआर के निर्देश

नवदुनिया प्रतिनिधि, अशोकनगर: शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 अशोकनगर के छात्रों द्वारा स्कूल को सीपीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मर्ज किए जाने के विरोध में 18 अगस्त को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी और धरना प्रदर्शन किए जाने के मामले में शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार मामले की जांच बीईओ एवं बीआरसीसी अशोकनगर से कराई गई। जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि विद्यालय की शिक्षिका मंजू रानी जैन, सहायक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक कमल सिंह धौलपुरिया तथा अन्य शिक्षकों द्वारा छात्रों को शाला समय में विद्यालय से बाहर ले जाकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कराने की पुष्टि हुई। छात्रों के शाला समय में बिना अनुमति कलेक्ट्रेट पहुंचने तथा अपने स्तर पर नियंत्रण में न होने के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापक शांता कुशर को भी जिम्मेदार माना गया। प्रेसनोट के मुताबिक शिक्षिका मंजू रानी जैन को 19 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा निलंबित किया गया था। वहीं प्रधानाध्यापक शांता कुशर एवं माध्यमिक शिक्षक कमल सिंह धौलपुरिया को सेभार्गय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर द्वारा 20 अगस्त को निलंबित कर दिया गया। शासन की नीति के विरोध में नारेबाजी, स्कूल समय में बच्चों को मुताबिक शिक्षिका मंजू रानी जैन को 19 सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। घटना के बाद से श्रद्धालुओं में नाराजगी है। उन्होंने पुलिस से आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

इस तरह से बच्चों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया था ● नवदुनिया

चक चुरेला में चोरी की वारदात का फरार तीसरा आरोपित गिरफ्तार

नवदुनिया प्रतिनिधि, गुना: फतेहगढ़ थानाक्षेत्र के चक चुरेला गांव में चोरी की बड़ी वारदात में फरार एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस रिमांड पर पूछताछ में उससे 26 हजार रुपये कीमत के जेवरात बरामद किए हैं। अपने हिस्से का शेष माल भाई के पास होना बताया, जो अभी पुलिस पकड़ से दूर है। इससे पहले पुलिस दो आरोपितों को गिरफ्तार कर 1,47,77,250 रुपये के जेवरात बरामद कर चुकी है। पुलिस के अनुसार दो-तीन अगस्त की रात्रि फतेहगढ़ थानाक्षेत्र के ग्राम चक चुरेला में बाबूलाल मीना के घर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश घर में रखी तिजोरी चोरी कर ले गए थे, जिसमें बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी रखी थी। इसके साथ ही घर से एक मोटरसाइकिल भी चोरी की गई थी। इसी क्रम में आठ अगस्त को प्रकरण में संलिप्त दो आरोपित राजू पारदी एवं गजानंद पारदी निवासी ग्राम कनेरा को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसी क्रम में 17 अगस्त को मुखबिर सूचना पर पुलिस ने आरोपित चिकना उर्फ लक्की पुत्र रेवत पारदी उम्र 22 साल निवासी ग्राम कनेरा को गिरफ्तार कर लिया।

भाजपा का कलश वंदन कार्यक्रम का आयोजन आज

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में कलश वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम 21 अगस्त, शुक्रवार को दोपहर 1 बजे स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में होगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संघाय प्रभारी निशंत खरे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरबीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

ग्राम सकतपुर में मंदिर से दानपेटी सहित पीतल की मूर्तियां चोरी

नवदुनिया प्रतिनिधि, गुना: शहर के कैंट थाना क्षेत्र के तहत ग्राम सकतपुर स्थित श्री बालाजी मंदिर में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला और मंदिर के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार गांव के बालाजी मंदिर में बदमाश ताला तोड़कर घुसे और दानपेटी, पीतल की मूर्तियां, बड़ा घंटा, शंख, झालर आदि सामान चोरी कर ले गए। सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को मंदिर के ताले टूटे मिले। सथ ही भगवान सहित सम्मान गायब मिला। मामले की बदमाश ताला तोड़कर घुसे और दानपेटी, पीतल की मूर्तियां, बड़ा घंटा, शंख, झालर आदि सामान चोरी कर ले गए। सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को मंदिर

टेस्ट ड्राइव का बहाना बनाकर मोटरसाइकिल ले गया बदमाश

नवदुनिया प्रतिनिधि, गुना: शहर के भुल्लनपुरा तिराहा पर बीती शाम एक बदमाश एक बाइक को चालक की निगहों के सामने से ही उड़ा ले गया। चंद सेकंड में ही बारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके से भाग गया। भुल्लनपुरा तिराहा के पास की गंगा कालोनी निवासी व्यवसायी विकास बंसल ने बताया कि उनकी करीब एक वर्ष पहले खरीदी गई बाइक एमपी 08 जेई 5401 को बीती शाम उनका एक कर्मचारी आवश्यक कार्य से लेकर बाजार गया था।

शाम करीब 5.30 बजे कर्मचारी बाइक लेकर वापस ऑफिस आ रहा था, रास्ते में एक किराना दुकान से कुछ खरीदें करने लगा। इस दौरान उसने बाइक को दुकान के सामने खड़ा कर दिया। इसी दौरान राह से गुजर रहे एक बदमाश की नजर बाइक पर पड़ी और वह उस पर बैठ गया, कर्मचारी ने पूछा कि यह तुम क्या कर रहे हो तो बदमा

श ने कहा कि ऐसी बाइक मेरे पास भी है, मैं इसे चलाकर देखता हूं और कर्मचारी कुछ समझ पाता इसके पहले ही बदमाश ने बाइक चालू की और तेजी से चलाते हुए श्रीराम कालोनी की तरफ भाग गया। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को लिखित में की गई है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी दिखा गया है।

बैंक ऑफ़ इंडिया BOI Bank of India

आंचलिक कार्यालय– सी-2, क्षिप्रा विहार,नागझिरी, देवास रोड़, उज्जैन फोन : 0734-2513606,
E-Mail- ujjain.ARD@bankofindia.co.in

परिशिष्ट – IV क (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई – नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जो सांकेतिक कब्जा कॉलम (नीचे वर्णित) बैंक ऑफ़ इंडिया प्रतिभूति हित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित उधार लेने वाले प्रत्याभूति–दाता से बकाया राशि (संबंधित कॉलम में नीचे वर्णित) की वसूली हेतु दिनांक 25.09.2026 (विक्रय की तारीख) को समय प्रातः 11.00 से दोपहर 05.00 बजे तक बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि संबंधित कॉलम में नीचे वर्णित है :

ई नीलामी दिनांक 25.09.2026, समय : सुबह 11 बजे से 05 बजे तक

क्र.	जमीनी एवं इमारत जायदाद/जंगमजायदाद का ब्यान जहां स्थित है	संबंधित सभी उधारित का नाम	आरक्षित मूल्य	अमानत राशि
	बामलाबे शाखा, जिला राजगढ़ (म.प्र.) फोन – शाखा प्रमुख : अमिजीत तिवारी 9955574709, E-Mail- Bamlabe.Ujjain@bankofindia.co.in (IFSC Code -BKID0009965, EMD जमा हेतु खाता क्र. 999590200000033 Collection Account)			
01	**ब्रजशी:** श्री राधेश्याम दांगी पिता गंगाधर दांगी पता : ग्राम पठोनिया, पोस्ट कायनासिया, तहसील ब्यावरा, जिला राजगढ़ -465674 मांग सूचना राशि : रू. 9,51,289.71 ताखा + ब्याज एवं अन्य खर्च, सरफैसी नोटिस दिनांक : 10.02.2026, सांकेतिक कब्जा दिनांक : 18.04.2026	प्रत्याभूत अचल संपत्ति- संपत्तियों के सभी अंग को स्थित है सर्वे नं.-52/2 (पुराना नं. भूमि का भाग सर्वे नं. 52) ए.ई.-9, ग्राम ततराव उर्फ चंपापुरा पंचायत-पठोनिया, ब्यावरा जिला राजगढ़ (म.प्र.), क्षेत्रफल : 116.17 स्के.मी. (1250 स्के. फीट) संपत्ति स्वामी : श्री राधेश्याम दांगी पिता श्री गंगाधर जी, चतुःसीमा- पूर्व में: अन्य भूमि, पश्चिम में: रोड़, उत्तर में: अन्य का मकान, दक्षिण में : अन्य भूमि, दिनांक 02.07.2026 के मूल्यांकन अनुसार वास्तविक	11.05 लाख	1.11 लाख
02	**ब्रजशी:** मेसर्स कान्हा मिल्क्रिग प्रोडक्ट्स, प्रोप्रा. श्री विष्णु प्रसाद दांगी पिता इन्दारीलाल दांगी पता : ग्राम बहादुरपुरा, पोस्ट ब्यावरा, जिला राजगढ़ -465674 मांग सूचना राशि : रू. 7,15,822.74 ताखा + ब्याज एवं अन्य खर्च, सरफैसी नोटिस दिनांक : 28.11.2025, सांकेतिक कब्जा दिनांक : 18.02.2026	प्रत्याभूत अचल संपत्ति- संपत्तियों के सभी अंग को स्थित है सर्वे नं.-1082/39 (पुराना सर्वे नं.- 1082/1), ए.ह.नं.-31, वार्ड नं.-13, घंपाखाल मगीया, शमीखाना मार्ग के पीछे, ब्यावरा, तहसील ब्यावरा, जिला राजगढ़ (म.प्र.), क्षेत्रफल : 92.39 स्के.मी., संपत्ति स्वामी : श्री सुरेश कुमार दांगी पिता रामप्रसाद दांगी (जमानतदार), चतुःसीमा- पूर्व में: 20 फीट चौड़ा रोड़, ट्रेन्च, पश्चिम में: अन्य का मकान / शमीखाना मोहल्ला, उत्तर में : अन्य का मकान, दक्षिण में: खुला प्लॉट, दिनांक 02.07.2026 के मूल्यांकन अनुसार वास्तविक	7.65 लाख	0.77 लाख

ई–नीलामी की शर्तें :– (1) नीलामी बिक्री/बोली केवल ऑनलाइन ईनीलामी बोली प्रक्रिया https://baanknet.com वेबसाईट के माध्यम से होगी। (2) बोलीकर्ताओं से निवेदन है कि baanknet पोर्टल पर अपना पंजीयन निकट तिथि से पूर्व करवा लेवे । (3) नीलामी बिक्री/बोली की तिथि और समय 25.09.2026 सुबह 11 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक अमीमित 10 मिनीट प्रत्येक ऑटो –एक्सटेंशन के साथ। (4) नीलामी आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। इच्छुक बोलीकर्ता अपने ऑफर रू.50000/– (पचास हजार मात्र) की भुगतान (multiple) में अपनी राशि बढ़ा सकते है। (5) इच्छुक बोलीकर्ता को पोर्टल https://baanknet.com पर जाकर नाम पंजीकृत करवाना है और अनिक जानकारी हेतु इच्छुक को सिस्टम baanknet पर पंपर्क करें। (6) इच्छुक बोलीकर्ताओं को नीलामी की बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले उपरोक्त संपत्ति से संबंधित किसी भी मैनामिक बेनामीसंपत्ति, संपत्ति पर भी कब्जा, किसी बकाया आदि के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए और अचिक जानकारी हेतु बैंक के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करना चाहिए। इसके बाद किसी भी मैनामिक बेनामीसंपत्ति, संपत्ति पर भी कब्जा, किसी बकाया आदि के बारे में पूर्वकी अपनी पूछताछ करनी होगी। संपत्ति को खरीदी गई/पूरा और अचिक के पुष्टकरण/लेनदार के पास बैंक का ज्ञात हो या अज्ञात हो। प्राधिकृत अधिकारी/पुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/कब्जा के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। (7) उच्चतर बोलीदाता को घोषित प्राधिकृत अधिकारी/बैंक की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार हैं। प्राधिकृत अधिकारी और/या बैंक इस सार्वजनिक सूचना में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाब देह नहीं होगा। (8) इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि अचिक विवरण डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट – https://baanknet.com भी देखें जहां सभी दिशा निर्देश उपलब्ध है इच्छुक बोलीकर्ताओं को निम्नलिखित जीपया पिकतायों को पढ़ने से पूरा करना होगा (अ) बोली कर्ताओं को मेसर्स/नं. तथा मेज आईडी या उपयोग करके E-Auction पर पंजीयन करना होगा, (ब) वेबाईटी उल्लाघन – बोलीदाताओं को अपेक्षित वेबाईटी दस्तावेज अपलोड करने होंगे जिनका पालन baanknet द्वारा किया जाएगा, (स) ईएमडी राशि को पोर्टल EMD wallet, Online/Offline, NEFT/Transfer द्वारा जमा करना होगा, (द) इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त तीनों चरण को पूरा करने के पश्चात नीलामी में भाग ले पाएगे हैं। (9) उच्चतर/सफल बोलीदाता के मामले में ईएमडी राशि समायोजित कर दी जाएगी, अन्यों को बिक्री समाप्त होने के 5 दिनो के भीतर ईएमडी राशि वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। यदि बोलीदाता बोली जमा करने/ईएमडी राशि जमा करने के बाद ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग नहीं लेता है और यदि वह एकमात्र बोलीदाता है, तो उसकी बोली को उसकी अग्रिम सहमति पर वापस जमा जाएगा और उसे सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। (10) उधारए/सफल बोलीदाता को बिक्री के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली की स्वीकृतियों के साथ पहले से सूचीकृत की गयी ईएमडी राशि को निलाधकार बोली/उचित राशि का 25 प्रतिशत बिक्री की तुरंत ही अपने सावधिजमा खाता (बैंक खाता के दौरान) जमा करनी होगी अन्यथा उपरोक्त ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी। (11) बोली/वरिष्ठ राशि दी तीन 7 5 प्रतिशत राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की तुरंत ही 1 दिन का समापे पहले (बैंकिंग कार्यदिवस के दौरान) जमा करनी होगी तीसरा इस तीन पार्टी को जमा करने में असफल रहने पर जमा की गई पार्टी को जमा कर लिया जाएगा और प्राधिकृत अधिकारी/बैंक के पास नीलामी पर फिर से नई नीलामी आयोजित करने का पूर्ण अधिकार होगा। (12) संपूर्ण बिक्री पार्टी द्वारा होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी की ओर से जारी किया जाएगा और उसके बाद बिक्री को पूर्ण माना जाएगा और इस संबंध में बैंक किसी भी दावें पर विचार नहीं लेगा। (13) प्राधिकृत अधिकारी उपरोक्त बोली अथवा बिक्री या उसकी शर्तों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए बिना किसी या सभी बोलियों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने और अपने विवेकानुसार बिक्री की किसी भी शर्त को पंशोधने, संशोधित करने या मुल्तवी करने का अधिकार रखता है। (14) यह प्रकाशन उक्तित में उपरोक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को 30 दिनों का नोटिस भी है। (15) TDS शासकीय देय पति, एजिस्ट्रेशन चार्ज, स्टाम्प ड्यूटी इत्यादि जो कोई भी पति निम्न अनुसार देय निम्नलती है उचाधन पुराधान लेना जो करना होगा । नोट: सभी संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि दिनांक 18.09.2026 समय दोप. 12 से 4 बजे तक रहेगी।

दिनांक – 20.06.2026

प्राधिकृत अधिकारी,
बैंक ऑफ़ इंडिया, उज्जैन अंचल